SYNERGY

BSES
BSES Yamuna Power Limited

बीवाईपीएल अपने सभी ग्राहकों को नव वर्ष 2015 की हार्दिक शुभकामनाएं देती है।

जनवरी, 2015

पावर अलर्ट

* अगली गर्मियों के दौरान बिजली नेटवर्क और महत्वपूर्ण उपकरणों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए अन्य डिस्कॉम्स की तरह बीएसईएस ने अपने लोकल नेटवर्क की सर्विसिंग, मरम्मत व रखरखाव का काम शुरू किया है। समय–समय पर बिजली नेटवर्क की सर्विसिंग, मरम्मत और रररखाव का काम इसलिए किया जाता है, ताकि गर्मियों के दौरान ये अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करें। दुनिया भर में ऐसा किया जाता है।
* कारों व अन्य मशीनों की तरह, समय–समय पर बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर की सर्विसिंग व मेंटेनेंस की भी जरूरत पड़ती है। दिल्ली में इसकी जरूरत और ज्यादा है क्योंकि यहां सर्दी और गर्मी, दोनों ही मौसम अपने चरम पर होते हैं। अत्यधिक गर्मी और अत्यधिक सर्दी का बिजली के नेटवर्क और उपकरणों पर बुरा असर पड़ता है। इसके अलावा, दिल्ली में हर साल भारी मात्रा में बिजली की खपत बढ़ती है। गौरतलब है कि दिल्ली में बिजली की प्रति–व्यक्ति औसत खपत, देश की प्रति–व्यक्ति औसत खपत के मुकाबले दोगुना से भी अधिक है। इसलिए भी समय पर नेटवर्क की सर्विसिंग आवश्यक है।
* सर्दियों के दौरान बिजली नेटवर्क के मेंटेनेंस का काम इसलिए किया जाता है, ताकि उपभोक्ताओं को कम परेशानी हो और साथ ही गर्मियों में बिजली उपकरण बेहतर तरीके से काम करें। ताकि उपभोक्ता अपने दिन की योजना बेहतर तरीके से बना पाएं, इसलिए बीएसईएस ने नेटवर्क मेंटेनेंस के शेड्यूल को अपनी वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर अपलोड कर दिया है।

बीएसईएस ने किया 166 यूनिट रक्तदान

एक जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिक के तौर पर अपनी भूमिका निभाते हुए बीएसईएस ने हाल ही में छह रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों को बीएसईएस सहयोगियों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और कुल 166 सहयोगी स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आए और रक्तदान किया। बीएसईएस के छह ऑफिसों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

बीवाईपीएल सेफ्टी इनोवेशन अवॉर्ड 2014 से सम्मानित

बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड–बीवाईपीएल–को प्रतिष्ठित सेफ्टी इनोवेशन अवॉर्ड 2014 से सम्मानित किया गया है। इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स, इंडिया द्वारा यह वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। बीवाईपीएल द्वारा सेफ्टी यानी सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यो और योगदान को देखते हुए उसे इस नामी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

नई दिल्ली स्थित होटेल ली मेरेडियन में आयोजित एक शानदार कार्यक्रम में शहरी विकास मंत्रालय के सचिव श्री शंकर अग्रवाल द्वारा बीवाईपीएल को पुरस्कार सौंपा गया।

प्रिय उपभोक्ता,

नमस्कार!

बीवाईपीएल की ओर से, मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

हमारा मानना है कि ग्राहक ही वह बिंदु है, जहां से किसी संस्था की यात्रा की शुरूआत होती है, और वह हमेशा इसके इर्द–गिर्द ही घूमती रहती है। बीते वर्ष में, तमाम बाहरी चुनौतियों के बावजूद हमने आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने और अपनी सेवाओं में और ज्यादा सुधार लाने की कोशिश की।

हमारी कोशिश है कि हम आपके और करीब आएं, आपकी सलाह को सुनें और ऐसी पहल व योजनाएं लेकर आएं, जो आपको आनंदित करें। हम साझा प्रयास कैंप लगा रहे हैं क्योंकि हम अपने कस्टमर केयर को आपके पड़ोस तक ले जाना चाहते हैं।

इसके अलावा, रविवार को भी अब हर डिविजन में एक बिल भुगतान केंद्र खुल रहा है, ताकि आपको बिल भुगतान करने में आसानी हो। बिजली गुल की शिकायतों का समाधान सही तरीके से हो, इसलिए हमने कंप्लेंट ट्रैकिंग सिस्टम लॉन्च किया है। ये कुछ पहल हैं, जिन्हें हमने 2014 के दौरान लॉन्च की थीं। कई अन्य योजनाएं पाइपलाइन में हैं।

नए साल में हम एक मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च करने जा रहे हैं, जहां उपभोक्ता अपने मोबाइल फोन से ही बीवाईपीएल की कई सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस मोबाइल ऐप की मदद से वे बिजली गुल की शिकायत दर्ज करा सकते हैं, अपने नए कनेक्शन के आवेदन की ट्रैकिंग कर सकते हैं, अपनी बिजली खपत के बारे में जान सकते हैं और बिल की डिटेल भी देख सकते हैं। एक ओर जहां हम अपनी सेवाओं में और सुधार लाने के लिए कई पहल शुरू कर रहे हैं, वहीं खासकर बिजली की लगातार बढ़ती थोक कीमतों की वजह से बीवाईपीएल की वित्तीय चुनौतियां 2015 में जारी रहने की आशंका है। कुछ इलाकों में बिजली की हो रही भारी चोरी से स्थिति और खराब हो रही है। बिजली चोरी को खत्म करने में हमें आपके सक्रिय सहयोग की जरूरत है।

मुझे विश्वास है कि आपके सहयोग से, हम आगे भी अपनी सेवाओं में सुधार लाएंगे और आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

एक बार फिर, बीवाईपीएल परिवार की ओर से मैं आपको नए साल 2015 की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

सादर,

पी. आर. कुमार
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड

आपकी सेवा में
24X7
कॉल करें 399.99.808
अपने फीडबैक व सुझाव भेजें:
कॉरपोरेट कम्युनिकेशन बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय:
शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–32
सीआईएन: **U7489DL2001PLC111525**
फोन: 011. 399.99.808
वेबसाईट: **www.bsesdelhi.com**

एसएमएस

टाइप करें– बीएसईएसवाईपी, स्पेस दें,एनसी लिखें, स्पेस दें,नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5 61 61 08 पर भेज दे

आईवीआरएस

अपने रजिस्टर्ड फोन नंबर से 399 99 808 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित्त सेवाओं के लिए आप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए/सीआरएन नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–32 के लिए, फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा–122050 द्वारा मुद्रित

पीक आवर्स के दौरान अत्याधिक बिजली खपत करने वाले उपकरणों का उपयोग करने से बचें।